समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Monday, 21 September 2026

# भ्रष्टाचार मामले मे नेतन्याहू को मिली राहत, ट्रंप ने दी कड़ी चेतावनी—'इजरायल के साथ ये बर्दाश्त नहीं करेगें'.

Publisher
Published on 30 Jun 2025



## डोनाल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू पर चल रहे केस को राजनीतिक षड्यंत्र बताया, कहा—'नेतन्याहू युद्ध नायक है, अमेरिका हर साल अरबों डॉलर खर्च करता है'.

**यरुशलम :** इजरायल के प्रधानमंत्री **बेंजामिन नेतन्याहू** को एक लंबे समय से चल रहे **भ्रष्टाचार मामले** में फिलहाल बड़ी राहत मिली है। यरुशलम की जिला अदालत ने उन्हें अगले दो हफ्तों तक **गवाही देने से छूट** दे दी है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** ने इस केस को लेकर **इजरायल सरकार** और **न्यायपालिका** पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

ट्रंप ने इस केस को "**राजनीतिक षड्यंत्र**" बताया और **Truth Socia**l पर पोस्ट करते हुए कहा, "नेतन्याहू के साथ जो किया जा रहा है, वह शर्मनाक है। वह एक युद्ध नायक हैं और अमेरिका के सहयोग से उन्होंने ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करने की दिशा में जबरदस्त काम किया है।"

**नेतन्याहू के खिलाफ केस : क्या है मामला ?**
**बेंजामिन नेतन्याहू** पर पिछले चार वर्षों से तीन **मामलों मे घूंस, धोखाधड़ी** और **विश्वासघात** के आरोप लगे हैं। इन मामलों की सुनवाई लगातार खिंचती जा रही थी, और हाल ही में अदालत ने उनकी गवाही टालने की मांग को खारिज कर दिया था।

लेकिन ट्रंप की तीखी प्रतिक्रिया के कुछ घंटों बाद ही यरुशलम कोर्ट ने कहा कि "राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनयिक कारणों" से नेतन्याहू को दो हफ्तों तक गवाही से छूट दी जाती है।

**डोनाल्ड ट्रंप की तीखी टिप्पणी :**

ट्रंप ने अपने बयान में इजरायल को दी जाने वाली अमेरिकी सहायता का हवाला देते हुए कहा, "संयुक्त राज्य अमेरिका हर साल इजरायल की सुरक्षा के लिए अरबों डॉलर खर्च करता है। अगर नेतन्याहू को इस प्रकार निशाना बनाया गया तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।"

उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि नेतन्याहू को अदालती मामलों में उलझाए रखने से गाजा में **संघर्ष विराम** और बंधकों की रिहाई जैसे महत्वपूर्ण **अंतरराष्ट्रीय प्रयासों** को नुकसान पहुंच सकता है।

**नेतन्याहू ने जताया आभार :**

**बेंजामिन नेतन्याहू** ने ट्रंप की टिप्पणी पर धन्यवाद देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा:
"एक बार फिर धन्यवाद, डोनाल्ड ट्रंप। हम मिलकर मिडिल ईस्ट को फिर से महान बनाएंगे।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.